# बीकानेर की हवेलियों के संरक्षण के लिए निगम में बनेगा हेरिटेज सेल : कलेक्टर

- कलेक्टर ने जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक में ये निर्देश दिए
- कलेक्टर ने जोड़बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व को ट्यूरिस्ट पाइंट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए
- उन्होंने कहा कि यहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हो

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि बीकानेर की हवेलियां देश और दुनियां में विशेष पहचान रखती हैं। इनका संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए नगर निगम में हेरिटेज सेल का गठन किया जायेगा। इस सेल की स्वीकृति के बिना किसी हवेली को नुकसान पहुंचाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

जिला कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यटन विकास समिति की बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा यह सेल शीघ्र गठित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन विकास की संभावनाओं के मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। देशी और विदेशी पर्यटक यहां अधिक से अधिक रूकें और यहां के पर्यटन स्थलों का अवलोकन करें। जिला कलेक्टर ने हेरिटेज रूट, जूनागढ़, बीकाजी की टेकरी सहित अन्य पर्यटक स्थलों में साफ-सफाई के लिए समर्पित टीमें गठित करने के निर्देश दिए।

साथ ही इन क्षेत्रों में सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था की दुरूस्त रहे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव की तैयारियां और प्रचार-प्रसार शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्रचार के लिए इन्फ्लूएंसर्स का सहयोग इसमें लिया जाए। जिला कलेक्टर ने जोड़बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व को ट्यूरिस्ट पाइंट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए और कहा कि यहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हो। यहां शौचालय बनाने, विभिन्न साइनेज लगवाने, लाइटिंग की प्रभावी व्यवस्था के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र की विभिन्न दीवारों पर रिवर्ज और कल्चर से जुड़ी पेंटिंग करवाई जायेगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि रायसर में डेजर्ट ट्यूरिज्म की स्थिति पर चर्चा की और कहा कि यहां वॉक वे बनाया जायेगा।

यहां आकर्षक लाइटिंग, बैठने की हेरिटेज व्यवस्था जैसी सुविधाएं होंगी। राजीव गांधी मार्ग स्थित शफील की दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग करवाने तथा इस क्षेत्र को नाइट टूरिज्म के दृष्टिकोण से विकसित करने पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान बॉर्डर टूरिज्म की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि जैसलमेर के सम की तर्ज पर धोरों का बड़ा क्षेत्र पर्यटन के दृष्टिकोण से चिन्हित किया जाए। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में होम स्टे के लिए घरों का चिन्हीकरण, सांचू पोस्ट में पर्यटन से जुड़ी चर्चा की। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़ ने विभागीय गतिविधियों, उपलब्धियों और कार्यवाही के बारे में बताया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू, नगर निगम उपायुक्त अर्पिता सोनी, जिला उद्योग संघ अध्यक्ष डीपी पचीसिया, विजय सिंह थैलासर, पर्यटन अधिकारी पवन शर्मा, योगेश राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद थे।

**जिला स्तरीय समारोह कल :** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह गुरुवार को प्रातः 11 बजे पीबीएम अस्पताल परिसर में स्थित आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर के सभागार में आयोजित किया जायेगा।

यह जानकारी उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र तनेजा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कार्य करने वाले नागरिकों तथा गुणवत्ता आश्वासन कमेटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले संस्थानों और कार्मिकों का सम्मान किया जायेगा।

## सी.एम.एच.ओ. ऑफिस में होगी खाद्य पदार्थों की जांच

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार की ओर से जिले को आवंटित की गई मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब में अब आमजन अपने खाद्य पदार्थों की जांच रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित जिला स्वास्थ्य भवन के सीएमएचओ ऑफिस में करवा सकते हैं। यह जांच हाथों हाथ होगी और पूरी तरह से निशुल्क रहेगी।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि आमजन की अक्सर अपने नियमित रूप से उपयोग में होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच करवाने की मांग रहती है। इसी के मद्देनजर जिला स्तर पर नवाचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि अब कोई भी नागरिक खाद्य पदार्थों की जांच सीएमएचओ ऑफिस में आकर करवा सकते हैं। बुधवार 10 जुलाई से सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे के मध्य यह जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी और किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लगेगा।

## सार-समाचार

### राशन डीलरों ने ज्ञापन सौंपा

**बीकानेर,**(कासं)। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा से आवास पर मंगलवार को बीकानेर जिले के राशन डीलरों का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष मनोज गहलोत के नेतृत्व में मिलकर विभिन्न समस्याओं का एक ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तीस हजार मासिक मानदेय लागू करने, दो प्रतिशत छीजत देने, पॉस मशीनों में कटौती बंद करने, डोर स्टेप डिलीवरी पर पुनर्विचार करने, कमीशन समय पर दिलवाने, ईकेवाईसी का पारिश्रमिक दिलवाने संबंधी मांगें शामिल थी। मंत्री ने कहा कि मशीन कटौती जो 10 रूपये प्रति क्विंटल की जा रही है। उसे माह जुलाई से बंद कर दिया जायेगा तथा शेष मांगों पर भी विचार करके जल्दी ही सकारात्मक परिणाम देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में नोखा तहसील अध्यक्ष भंवरलाल सारण, नोखा शहर अध्यक्ष महावीर व्यास, जुगल बिश्नोई, रामचंद्र गहलोत, सांवरलाल डेलू आदि उपस्थित थे।

### मौसम अनुकूल होते ही बनेगी सड़क

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आरयूआईडीपी द्वारा सुखाड़िया सर्किल के एक तरफ पेयजल पाइप लाइन बिछाकर रोड़ को मोटरेबल कर दिया गया है। बारिश का मौसम होने के कारण बीटी सरफेस रिपयेर नहीं हो पाई थी। सरफेस के सूखते ही विभाग द्वारा बीटी कार्य करवा दिया जायेगा एवं दूसरी तरह विभाग द्वारा किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया। आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आचार्य तुलसी मार्ग पर विभाग द्वारा पेयजल लाइन इंटर कनेक्शन का कार्य किया गया है। इंटर कनेक्शन कार्य करते ही रोड़ को मोटरेबल कर दिया गया था। बारिश के कारण रोड़ सरफेस रिपेयर नहीं हो पाई थी। मौसम अनुकूल होते ही टोप सरफेस सही कर दी जायेगी। मुख्यालय द्वारा भी परियोजना कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। विभाग द्वारा खुदाई कर उतना ही कार्य किया जा रहा है, जिसकी समयबद्ध रूप से मरम्मत की जा सके और परियोजना के प्रगतिरत कार्य से किसी भी आमजन को परेशानी न हो। बारिश के दौरान आमजन की समस्या का विभाग द्वारा त्वरित समाधान करवाया जा रहा है।

### कार्मिकों की पदोन्नति की मांग

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान स्टेट निजी सहायक संवर्ग संघ द्वारा अतिरिक्त निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर प्रतिभा देवठिया को मंगलवार को ज्ञापन प्रस्तुत कर माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत निजी सहायक सेवा संवर्ग कार्मिकों को वर्ष 2024-25 की डीपीसी शीघ्र करवाने हेतु निवेदन किया गया। राज्य सरकार ने पांच जुलाई को आदेश जारी कर सभी प्रकार की पदोन्नति में दो वर्ष का अनुभव में शिथिलन भी प्रदान कर दिया।

# श्रीकरणपुर अस्पताल में बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ी

- कुल 25 बैड की क्षमता वाले दोनों वार्डों में प्रत्येक बैड पर दो-दो मरीज भर्ती हैं

**श्रीकरणपुर,** (कासं)। करीब तीन सप्ताह से श्रीकरणपुर कस्बे में बुखार का प्रकोप है। स्थानीय सीएचसी पर जहां करीब 500 ओपीडी रोगियों में अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित आ रहे हैं। वहीं करीब 50 मरीज अस्पताल में भर्ती भी हैं। ऐसे में कुल 25 बैड की क्षमता वाले दोनों वार्डों में प्रत्येक बैड पर दो-दो मरीज भर्ती हैं।

जानकारी के अनुसार करीब तीन सप्ताह से कस्बे में बुखार रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हालात ये हैं कि सरकारी व प्राइवेट चिकित्सकों के यहां इनकी कतार लगी है। स्थानीय सीएचसी पर प्रतिदिन करीब पांच-साढ़े पांच सौ रोगियों की ओपीडी रहती है। चिकित्सालय प्रबंधन के मुताबिक इसमें अधिकांश रोगी बुखार या इससे जुड़े लक्षणों सिरदर्द, ठंड लगना, खांसी, भूख में कमी, उल्टी, दस्त, कब्ज वाले ही आ रहे हैं। प्रारम्भिक जांच के बाद इन्हें दवाएं दी जा रही हैं लेकिन सीआरपी व वाइडल टेस्ट पॉजिटिव होने पर टाइफाइड की आशंका या गंभीर स्थिति वाले मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है।

ऐसे में पिछले कई दिन से करीब 45-50 मरीज भर्ती होकर उपचार ले रहे हैं। बुखार पीड़ित निखिल, मंशा देवी, सियानी देवी, अनुप्रीत कौर, दवेश कुमार आदि मरीज पिछले तीन-चार दिन से अस्तपाल में भर्ती हैं। इधर सीएचसी पर बने दोनों वार्डों में करीब 25 बैड की क्षमता है। ऐसे में वहां दो-दो मरीजों को एक ही बैड पर लिटाकर उपचार किया जा रहा है। कस्बे में एकाएक बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ने से हड़कम्प मचा है। लोगों का मानना है कि दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते ऐसा हो रहा है लेकिन स्थानीय सीएचसी प्रभारी डॉ. नीरज अरोड़ा ने बताया कि बुखार पीड़ित इन रोगियों के लक्षण टाइफाइड जैसे ही हैं लेकिन यह टाइफाइड नहीं है। वायरल हो सकता है।

डॉ. अरोड़ा ने बताया कि सीआरपी व वाइडल टेस्ट पॉजिटिव जरूर आ रहे हैं लेकिन बुखार का पैटर्न टाइफाइड जैसा नहीं है। उन्होंने बताया कि यहां आए हजारों मरीजों में अभी तक बहुत कम करीब 15-20 मरीज ही टाइफाइड के चिन्हित हुए हैं और उपचार के बाद सभी ठीक हो गए हैं। टाइफाइड बुखार साल्मोनेला टाइफी नामक जीवाणु से होने वाली बीमारी है। यह छोटी आंत को संक्रमित करता है और तेज बुखार पैदा करता है।

# उपकोष कार्यालय नोखा का निरीक्षण

**नोखा,**(कासं)। बीकानेर कोषाधिकारी धीरज जोशी ने उपकोष कार्यालय नोखा का मंगलवार को वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपकोष भवन, स्टोर, वृक्षारोपण, पक्षियों के परिंडों व सफाई व्यवस्था का समग्र अवलोकन किया। साथ ही स्टाम्प्स का भी भौतिक सत्यापन ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार किया व भौतिक रूप से मिलान पर सही पाया।

स्टाम्प रखने का डबल लॉक नोखा थाना में जाकर निरीक्षण किया व थानाधिकारी से भी इस संबंध में मुलाकात की। पेंशन समाज नोखा के अध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी ने भी कोषाधिकारी से मुलाकात कर सभी पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स की ओर से मांग की है कि पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स संबंधी पत्रावलियां उपकोष कार्यालय स्तर पर ही रखी जाए ताकि पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बीकानेर तक नहीं जाना पड़े। उपकोषाधिकारी व्यास ने बताया कि कोषाधिकारी का निरीक्षण पूर्ण संतोषप्रद रहा व कोषाधिकारी ने स्टाम्प्स की सुरक्षा के संबंध में और सतर्क रहने के निर्देश दिए।

# दो लाख रूपये हड़पने के दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने बताया कि ठगी करने का तरीका उन्होंने गुजरात में सीखा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। रावतसर में तीन गुणा करने का झांसा देकर लाखों रूपए की ठगी मामले में स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो जनों को 12 घंटे के भीतर ही दबोच लिया। आरोपियों के एक अन्य बाइक सवार साथी की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इस तरह ठगी करने का तरीका उन्होंने गुजरात में सीखा। आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड मंजूर कराया गया। थाना प्रभारी वेदपाल शिवराण ने बताया कि ठगी के आरोप में राजेन्द्र गोसांई पुत्र रतिराम तथा विक्रम पुत्र गोविंदराम गोसांई दोनों निवासी गांव सांवर, जिला चूरू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो लाख रूपए, चाइल्ड मनोरंजन बैंक वाले नोटों की गड्डी, एक कार तथा दो नम्बर प्लेट बरामद की गई है। इस संबंध में चूरू निवासी हिम्मत सिंह पुत्र ओमप्रकाश स्वामी ने मामला दर्ज कराया था।

रिपोर्ट दी कि आरोपी राजेन्द्र व विक्रम से उसकी फेसबुक पर गाड़ियां बेचने के विज्ञापन के माध्यम से दोस्ती हुई थी। बातचीत बढ़ी तो आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर रूपए तीन गुणा करने का लालच देकर कुछ वीडियो दिखाए। इससे वह लालच में आ गया। रविवार को वह रावतसर आया हुआ था। इसके बाद आरोपी भी रावतसर पहुंच गए तथा उससे दो लाख रूपए लेकर कहा कि 22 एजी से हमारा आदमी छह लाख रूपए लेकर आ रहा है। खेतरपाल मंदिर के पास पहुंचे तो 22 एजी की तरफ से एक युवक बाइक पर बैग लेकर आया। तभी कार में सवार राजेन्द्र कुमार व विक्रम ने कहा कि हमारा आदमी आ गया है। जब वह दूर खड़े बाइक सवार से पैसे लेने गया तो पीछे से कार में सवार आरोपी दो लाख रुपए लेकर फरार हो गए।

# प्रत्येक स्कूल से 5 श्रेष्ठ बाल वैज्ञानिकों का पंजीकरण जरूरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। देशभर में किसी भी बोर्ड से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले 10 से 15 आयु वर्ग के बच्चों की ओर से किया गया एक नवाचार उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है।

दरअसल नवोदित विचारों और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुरू की गई इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन एक जुलाई से शुरू हो गए हैं। इसमें छठीं से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। योजना में प्रतिभाओं का जिला स्तर के बाद राज्य स्तर पर चयन किया जायेगा।

राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर छात्र-छात्राओं को अलग से प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जायेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशों में सभी मंडल, जिला व ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इसके अनुसार इंस्पायर अवार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विद्यालय में एक अध्यापक को इंस्पायर प्रभारी भी नियुक्त किया जायेगा। अवार्ड-मानक योजना के लिए आवेदन करने वाला विद्यार्थी देश का स्थाई निवासी हो। देश के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी और निजी स्कूल के छठी से दसवीं का विद्यार्थी होना जरूरी है।

इसके साथ ही विद्यार्थी का बैंक खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए और आवेदन करने से लेकर चयन होने के बाद कम से कम तीन माह तक बैंक अकाउंट चालू हो। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत साल 2023 में प्रदेश से करीबन 1.5 लाख आवेदन किए गए जिसमें से 6830 विद्यार्थियों का चयन भी हुआ।

# पैरा ओलंपिक खेलों में भारतीय तीरंदाज दल का प्रतिनिधित्व करेगा श्यामसुंदर

- बीकानेर के तीरंदाज श्याम सुंदर पेरिस में होने वाले पैरा ओलंपिक खेलों में भारतीय तीरंदाज दल का प्रतिनिधित्व करेंगे

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर के तीरंदाज श्याम सुंदर स्वामी 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक पेरिस में आयोजित होने वाले पैरा ओलंपिक खेलों में भारतीय तीरंदाज दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह लगातार दूसरा मौका होगा जब स्वामी इन खेलों में भागीदारी निभायेंगे।

इस उपलब्धि पर मंगलवार को संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की अगुवाई में स्वामी का स्वागत किया गया। संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रसन्नता जताते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पैरालंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्यामसुंदर इन खेलों में पदक जीतकर पेरिस में भारत का तिरंगा झंडा फहराएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश को स्वामी से उम्मीदें हैं। स्वामी के कोच अनिल जोशी ने बताया कि पेरिस में आयोजित होने वाले पैरालंपिक खेलों में तीरंदाजी में भारत के 6 खिलाड़ी भाग लेंगे। श्यामसुंदर स्वामी यह उपलब्धि हासिल करने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। स्वामी ने वर्ष 2022 में टोक्यो में आयोजित पैरालंपिक खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। स्वामी 12 जुलाई से सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक माह के प्रशिक्षण में भाग लेंगे। वहीं से पेरिस के लिए रवाना होंगे।

जोशी ने बताया कि श्यामसुंदर स्वामी का परिवार साधारण पृष्ठभूमि से है। उनके पिता सब्जी का ठेला लगाते हैं। उन्होंने कभी भी अपने बेटे के सपनों में रूकावट नहीं आने दी। श्यामसुंदर की कड़ी मेहनत और समर्पण ने इस मुकाम तक पहुंचाया है।

